निरीक्षण | मुख्य मार्ग को मुक्त कराने अधिकारियों ने किया निरीक्षण

# अतिक्रमणकारियों पर अब कसेगी नकेल

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ गोटेगांव।** विगत दिवस नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए प्रशासन ने अब पूरी तरह कमर कस ली है। इसी कड़ी में नगर के सबसे व्यस्ततम क्षेत्रों में शुमार अनुपम मॉल के सामने सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण का प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। इस दौरान यह स्पष्ट रूप से पाया गया कि सड़क सीमा में किए गए बेतरतीब अतिक्रमण के कारण आवागमन बुरी तरह बाधित हो रहा है और आए दिन नागरिकों को जाम की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। प्रशासनिक टीम ने मौके पर ही संबंधित दुकानदारों और अन्य अतिक्रमणकारियों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया है कि मुख्य मार्ग पर किया गया किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने सख्त निर्देश दिए हैं कि सभी अतिक्रमणकारी स्वयं ही निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना सामान और अवैध निर्माण हटा लें, अन्यथा प्रशासन बलपूर्वक कार्रवाई करते हुए।



### अतिक्रमणकारियों पर होगी कार्यवाही

केवल अतिक्रमण हटाएगा बल्कि संबंधितों पर दंडात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित करेगा। प्रशासन ने यह भी संकेत दिए हैं कि अतिक्रमण विरोधी यह अभियान केवल अनुपम मॉल तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले दिनों में नगर के अन्य प्रमुख मार्गों और चौराहों पर भी इसी तरह की कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा।



### आवागमन की सुविधा

अधिकारियों का मानना है कि सुव्यवस्थित यातायात और सड़कों की सुंदरता के लिए फुटपाथों को खाली कराना बेहद अनिवार्य है, ताकि आम नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। प्रशासन की इस सक्रियता और सख्त रुख का नगर के प्रबुद्ध नागरिकों और स्थानीय व्यापारियों ने पुरजोर स्वागत किया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि लंबे समय से मुख्य मार्ग पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण पैदल चलना भी दूभर हो गया था और प्रशासन की इस पहल से नगर की सुंदरता वापस लौटेगी। नगरवासियों ने उम्मीद जताई है कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ताकि गोटेगांव एक व्यवस्थित और आदर्श शहर के रूप में विकसित हो सके।



## भक्तों को आनंद प्रदान करने अवतार लेते हैं भगवान

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** जब जब धरती पर अधर्म बढता है पापाचार दुराचार बढ़ने लगता है तब तब धर्म की विधिवत स्थापना के लिए अपने भक्तों को आनंद प्रदान करने के लिए भगवान अवतार लेते हैं ।उक्त उद्गार समीपी ग्राम हीरापुर में प्रतिष्ठित चौकसे परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास पं शिव ओम कृष्ण शास्त्री ने व्यक्त किए। कथा व्यास ने बताया कि सृष्टि विषयक व्याख्यान में महाराज मनु के द्वितीय पुत्र प्रियव्रत जी के वंश का वर्णन करते हुए वृत्रासुर का चरित्र प्रहलाद चरित्र सदाचार वर्णाश्रम धर्म नारी धर्म गज ग्राह चरित्र समुद्र मंथन बलि वामन संवाद सूर्यवंश चंद्रवंश का विस्तार से वर्णन करते हुए श्री कृष्ण अवतार की सुंदर कथा सुनाई। तथा श्री कृष्ण जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया गया मंगल बधाई गीत गाये गये। बाल स्वरूप बालकृष्ण की सुंदर झांकी का सभी ने पूजन अर्चन किया।इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं।



## ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं होने से परेशान दिखे शिक्षक

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** गुरुवार को शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए ऑनलाइन उपस्थिति का हमारे शिक्षक ऐप्स के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज ना हो पाने के कारण शिक्षक परेशान देखे गए। जब से यह प्रक्रिया चालू की गई है तब से लेकर आज तक हर समय शिक्षक शासकीय शाला के सभी काम काज छोड़कर सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्ज करने में व्यस्त देखे जाते हैं। और गुरुवार को भी हमारे शिक्षक ऐप्स में विसंगति होने के कारण किसी भी शिक्षक की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाई है। जिसके कारण सभी शिक्षक अपने सभी काम छोड़कर सिर्फ मोबाइल में अपनी हाजिरी लगाने में व्यस्त देखे गए। वहीं दूसरी ओर स्थाई शिक्षकों की हाजिरी न डलने के कारण भी पूर्ण वेतन शासन द्वारा उनको प्रदान किया जाता है। वही अतिथि शिक्षकों द्वारा यदि अपनी ऑनलाइन उपस्थिति समय पर दर्ज नहीं की जाती है। तो उनका उस कार्य दिवस का मानदेय नहीं दिया जाता है। जिस कारण अतिथि शिक्षकों के साथ शिक्षकों में रोष व्याप्त हो रहा है। सभी शिक्षक वर्ग द्वारा इस प्रक्रिया को बंद करने के लिए अनेकों बार ज्ञापन समाचार पत्रों के माध्यम और भोपाल में भी सांकेतिक आंदोलन के माध्यम से विरोध दर्ज करा चुके हैं। लेकिन शासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं सभी शिक्षकों को अपने पर्सनल डाटा लीक होने का डर हर समय सता रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा 1 जनवरी से स्थाई शिक्षकों के लिए सीएल में 13 दिन ईएल में 10 दिन प्रतिवर्ष और एक वर्ष में अधिकतम 300 दिन वहीं महिलाओं के लिए भी मातृत्व अवकाश चाइल्ड केयर लीव आदि की सुविधा हमारे शिक्षा ऐप्स पर प्रदान की गई है। शासकीय सेवा में सेवा देने वाले अतिथि शिक्षकों के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किसी भी तरह की कोई सुविधा हमारे शिक्षा ऐप्स में प्रदान नहीं की गई है। जिस कारण से अतिथि शिक्षकों में भी भारी रोष व्याप्त है। शिक्षक स्कूल जाकर बच्चों की पढ़ाई लिखाई को छोड़ सिर्फ अपने निजी कार्यों में व्यस्त देखे जाते हैं। जिस कारण बच्चों की परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण समय पर ऐसी विसंगतियां उत्पन्न होना एक बहुत बड़ा सवाल खड़ा करता हैं। शिक्षकों ने मांग की है कि शासन हमारे शिक्षा ऐप्स में शीघ्रता से सुधार करें। जिससे शिक्षक अपना कार्य शीघ्रता से पूर्ण कर बच्चों की पढ़ाई लिखाई की और अपना ध्यान केंद्रित कर सकें।



## मृत गौवंश का चमड़ा निकालकर हड्डियां तस्करी करने की तैयारी में थे कुछ लोग, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

**नवभारत/ गोटेगांव** विगत दिवस जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत लाठगांव स्थित गौशाला में ठंड से दो गौवंश की मौत के बाद तनाव की स्थिति बन गई। आरोप है कि कुछ लोग मृत गौवंश का चमड़ा निकालकर हड्डियां तस्करी करने की तैयारी में थे। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर इसका कड़ा विरोध किया और घटना के वीडियो साक्ष्य के रूप में सामने लाए। सूचना मिलते ही गोटेगांव पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। एसडीओपी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह

**नवभारत/करेली।** प्रदेश सरकार के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने नई दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान परविहन मंत्री सिंह ने मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों एवं परिवहन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर वस्तिार से चर्चा की। भेंट के दौरान परविहन मंत्री सिंह ने सड़क परविहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा दिनांक 1 जनवरी 2026 को जारी पत्र के बारे में केंद्रीय मंत्री गडकरी को अवगत कराया। जिला परिवहन कार्यालयों में वाहनों की मैनुअल फिटनेस प्रक्रिया को समाप्त कर केवल ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) के माध्यम से ही





फिटनेस परीक्षण कराए जाने का प्रावधान किया गया है। वर्तमान में यह व्यवस्था मध्यप्रदेश के 9 जिले ग्वालियर, इंदौर, भोपाल, जबलपुर, उज्जैन, सतना, सिंगरौली, देवास एवं धार में संचालित हैं। इन जिलों में वाहनों की फिटनेस प्रक्रिया पूरी तरह से ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) के माध्यम से ही की जा रही है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश भौगोलिक दृष्टि से एक बड़ा राज्य है, जहां कई जिलों के बीच की दूरी 150 किलोमीटर से अधिक है। ऐसी स्थिति में एटीएस विहीन जिलों के वाहन स्वामियों को फिटनेस परीक्षण के लिए अन्य जिलों में वाहन को लेकर जाना पड़ता है। इससे समय अधकि लगता है और ईंधन की भी अधिक खपत होती है। इसके अतिरिक्त, यात्री वाहनों के परमिट निश्चित मार्गों एवं क्षेत्रों के लिए जारी किए जाते हैं। यदि यात्री वाहन अपने निर्धारित परमिट मार्ग से भिन्न मार्ग पर फिटनेस परीक्षण के लिए जाते हैं, तो यह वैधानिक रूप से भी अनुचित होगा। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से आग्रह किया है कि जब तक राज्य के प्रत्येक जिले में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन की स्थापना नहीं हो जाती, तब तक एटीएस विहीन जिलों में वाहन स्वामियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिला परिवहन कार्यालयों के माध्यम से मैनुअल फिटनेस प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति दी जाए। इसके उपरांत केंद्रीय मंत्री गडकरी ने प्रक्रिया को यथाशीघ्र अनुमति प्रदान करने की सहमति व्यक्त की।

## गोटेगांव से ग्राम पंचायत बड़ौदा को जोड़ने वाली सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील

**नवभारत/गोटेगांव।** गोटेगांव से ग्राम पंचायत बड़ौदा को जोड़ने वाला मुख्य संपर्क मार्ग वर्तमान में अपनी बदहाली पर आंसू रो रहा है। शासन-प्रशासन की अनदेखी के चलते यह महत्वपूर्ण सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि नरसिंहपुर मुख्य मार्ग पर रेलवे ब्रिज का निर्माण कार्य चलने के कारण अधिकांश यातायात को इसी मार्ग पर डायवर्ट किया गया है, जिससे वाहनों का दबाव कई गुना बढ़ गया है और सड़क की स्थिति और भी बदतर हो गई है। जगह-जगह हुए गहरे गड्ढों में पानी और कीचड़ जमा होने से



यह मार्ग तालाब जैसा नजर आने लगा है। सबसे खराब स्थिति रेलवे फाटक के समीप बनी हुई है, जहाँ सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आए दिन वाहन फंस रहे हैं और घंटों जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इन गड्ढों की गहराई का अंदाजा न होने के कारण दोपहिया वाहन चालक लगातार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्कूली बच्चों, मरीजों और दैनिक यात्रियों के लिए यह मार्ग अब शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का केंद्र बन गया है।

### एक नजर में

## संतोष सोनी सेवानिवृत्त

**नवभारत/ करेली।** स्थानीय जयसवाल होटल में संतोष सोनी शिक्षक के सम्मान में विदाई समारोह कार्यक्रम रखा गया इस कार्यक्रम में संतोष सोनी ने अनोखी पहल करते हुए एक वृक्ष शिक्षा के नाम करते हुए सभी अतिथियों को एक-एक पौधा गमला सहित भेंट किया गया उपस्थित गणमान्य जनों ने कहा कि भेंट में मिले पौधे आपके द्वारा दिए गए अमूल धरोहर को हम सुरक्षित करेंगे वह वृक्ष बन करके हम सब के बीच आप जीवित रहेंगे। इस अवसर पर सभी साथियों ने उनके मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं दी और इस अभिनव पहल की प्रशंसा की।

## हायर सेकेंडरी स्कूलों एवं महाविद्यालयों में आयोजित होंगे विशेष कैम्प

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत एक जनवरी 2026 की अर्हता तिथि पर पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए 9 एवं 10 जनवरी को हायर सेकेंडरी स्कूलों एवं महाविद्यालयों में विशेष कैम्प आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरसिंहपुर ने अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नरसिंहपुर, गाडरवारा, गोटेगांव व तेंदूखे ?ा से कहा है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के दिए गए निर्देशानुसार विशेष कैम्प आयोजित किए जावें।

## ऑटो वालों ने यात्री को बंधक बना लूटा, खाते से 39 हजार निकाल

**नवभारत, जबलपुर।** विजय नगर थाना अंतर्गत दीनदयाल बस स्टेंड से ऑटो चालक ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर एक यात्री को बंधक बनाने के बाद उसके साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया। साथ ही उसके फोन पे से 39350 रूपए निकाल लिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है। पुलिस के मुाबिक अमन यादव पिता कोमल प्रसाद यादव निवासी उमरिया पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 15 नवम्बर 25 को अपने दोस्तों के साथ वृन्दावन घूमने जा रहा था कटनी स्टेशन में ट्रेन छूट जाने से वापस जबलपुर बस से दीनदयाल बस स्टेण्ड जबलपुर आ गया। रात्रि करीब दो बजे दीनदयाल चौराहापर एक ऑटो चालक आया तो उससे ग्रीन सिटी कठौदा जाने के लिये 400 रुपये में बात किया और उस आटो में बैठकर चला गया उसमें चालक सहित तीन लोग थे। उसे रानीताल लेकर आये शराब दुकान में शराब पिलाये उसे भी जबरदस्ती शराब पिलाई। चाकू चाकू दिखाकर डराये धमकाये और उसका मोबाइल छीन लिया। इसके बाद उसके फोन पे से आठ ट्रांजेक्शन करते हुए 39350 रूपए निकाल लिए। डर के कारण थाने में शिकायत नहीं की थी। बाद में भाई रमन को बताया। इसके बाद 21 नवम्बर 25 में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर शिकायत की थी।

## चित्रकूट, महाकोशल एक्सप्रेस सहित दर्जनों ट्रेने लेट

**जबलपुर, नवभारत।** उत्तर भारत खासकर यूपी-बिहार, दिल्ली से जबलपुर आने वाली ट्रेनें 7 जनवरी को जबर्दस्त लेट चल रही थी जिसमे चित्रकूट पौने सात घंटा, दयोदय एक्सप्रेस पौने 5 घंटा, महाकोशल 6 घंटा 40 मिनट लेट चल रही थी जिससे इस ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्री जबर्दस्त परेशान होते रहे। बता दे कि यूपी-बिहार में तो कोहरे का असर देखा जा रहा है, लेकिन कुछ गाडियां अचानक 1-2 घंटा लेट चलते-चलते 6 घंटा से ज्यादा बीच रास्ते लेट होने लगी इसका कारण फिलहाल पता नहीं लग सका है किंतु ठंड के इस मौसम में गाडियों की लेटलतीफी ने यात्रियों की परेशानियां बढ़ाकर रखी हुई हैं। गाडियां जो विलंब से चल रही थी।

## रेल्वे फाटक पर चल रहा निर्माण कार्य लोगों के लिए बना मुसीबत

**नवभारत/गोटेगांव।** मुख्य मार्ग पर स्थित जिला फाटक रेलवे फाटक पर निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज अब आम जनता के लिए किसी मुसीबत से कम साबित नहीं हो रहा है। लगभग दो वर्षों से कछुआ गति से चल रहा यह निर्माण कार्य अब लोगों के सब्र का बांध तोड़ रहा है। रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्व में सूचना दी गई थी कि फाटक का कार्य 28 दिसंबर तक पूर्ण कर इसे आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा, लेकिन तय समय सीमा बीतने के 10 दिन बाद भी आज 7 जनवरी तक फाटक बंद है। इस लेटलतीफी के कारण गोटेगांव और नरसिंहपुर के बीच का मुख्य संपर्क कटा हुआ है, जिससे हजारों ग्रामीणों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों, गंभीर मरीजों और व्यापारियों को हो रही है, जिन्हें मजबूरी में लंबा चक्कर काटकर गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है। रेलवे प्रशासन की



संवेदनहीनता का आलम यह है कि इस व्यस्ततम मार्ग को बंद करने के बावजूद कोई भी आधिकारिक वैकल्पिक डायवर्सन मार्ग तय नहीं किया गया है। वर्तमान में पूरा यातायात बड़ौदा रोड वाले दूसरे फाटक की ओर शिफ्ट हो गया है, जो पहले से ही जर्जर स्थिति में है। उस मार्ग पर दबाव बढ़ने से वहां भी आए दिन जाम और दुर्घटनाओं की स्थिति निर्मित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे और ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा आम जनता भुगत रही है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि अविलंब फाटक चालू नहीं किया गया या सुव्यवस्थित वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## वनवासी विकास परिषद की नरसिंहपुर इकाई का गठन

**नवभारत/ करेली।** वनवासी विकास परिषद महाकौशल.प्रांत की नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। करेली के वृद्धसदन में आयोजित बैठक में महाकौशल प्रांत के संगठन मंत्री किशोरी लाल ने संबोधन में जनजाति क्षेत्र में सर्वांगीण आयामों पर कार्य कर रहे परिषद के उद्देश्य, लक्ष्य,विविध आयामों की जानकारी दी। जनजाति समाज के संत दिगम्बर दास महाराज ने अपने आशीर्वचन में वनवासी संस्कृति,परंपराओं के संरक्षण की बात कही।संघ के जिला कार्यवाह पुरूषोत्तम विश्वकर्मा ने जनजाति समाज में हो रहे मतांतरण पर चिंता व्यक्त करके खिलाफ ठोस कार्य करने पर जोर दिया। प्रांत के सचिव देवनाथ पटेल ने तहसील कार्यकारिणी के शीघ्र गठन की चर्चा करके जनजाति समाज के उत्थान के लिये समर्पित,संगठित भाव से कार्य की अपील की। नवीन कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष के लिये जितेंद्र पटेल,सचिव रोहित



रजक,उपाध्यक्ष गौतम सिंह भारिया,उपाध्यक्ष शंकर सिंह वाडिवा,उपाध्यक्ष रोहित नामदेव,सहसचिव दीपक कोल,कोषाध्यक्ष ऋषिकेश शर्मा, सहकोषाध्यक्ष जगदीश ठाकुर ,मीडिया प्रभारी रामकुमार विश्वकर्मा सर्वसम्मति से मनोनीत किये गये। कार्यकारिणी सदस्य में अशोक मर्सकोले,यश्विन स्वामी, चंद्रकांत शर्मा, जेडल जी पटेल चुने गये। नवीन दायित्ववान सदस्यों की नियुक्ति पर प्रांत अध्यक्ष सेनि. आईएएस श्याम सिंह कुमरे ,अर्जुन सिंह मरकाम,सृजनेश सिलाकारी आदि ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

## व्यावसायिक बकरी पालन एवं प्रबंधन प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**नवभारत/नरसिंहपुर।** जिले के शासकीय बकरी पालन प्रक्षेत्र उमरिया में तीन दिवसीय आवासीय व्यावसायिक बकरी पालन एवं प्रबंधन प्रशिक्षण का शुभारंभ बुधवार को हुआ। प्रशिक्षण की शुरुआत जबलपुर की अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. मीता दास एवं जबलपुर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने मां सरस्वती के पूजन-अर्जन के साथ किया। आवासीय प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 70 पशुपालकों ने अपना पंजीयन कराया है। इस अवसर पर जबलपुर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि बकरी पालन को केवल परंपरागत व्यवसाय न मानकर इसे लाभदायी धंधा बनाने की आवश्यकता है। प्रशिक्षण में सिखाई जाने वाली सभी तकनीकी बातों को ध्यान से सुनें और उनके नोट्स बनाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक पशुपालक वैज्ञानिक पद्धतियों को नहीं अपनाएंगे, तब तक व्यवसाय में गुणोत्तर वृद्धि संभव नहीं है। नस्ल सुधार और बेहतर प्रबंधन के पहलुओं को गहराई से समझने पर विशेष बल दिया। पहले दिन नरसिंहपुर के डॉ. संजय मांझी ने भारतीय नस्लों की पहचान और उनकी विशेषताओं, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. सुनील बृजपुरिया ने जेनेटिक्स और उच्च गुणवत्ता वाले ब्रीडर चयन के वैज्ञानिक तरीकों और डॉ. आरके बमनेले ने राष्ट्रीय पशुधन मिशन-एनएलएम व विभागीय योजनाओं के माध्यम से आर्थिक मदद प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. बीके मुड़िया के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणार्थियों के लिए आवास एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। आगामी दो दिनों में टीकाकरण और आहार प्रबंधन जैसे विषयों पर प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### कलेक्टर रजनी सिंह ने म.प्र. कैलेंडर का किया विमोचन



**नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने बुधवार को मध्यप्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ नरसिंहपुर के वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन कलेक्टर चैम्बर में किया। इस अवसर पर म.प्र. लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र अहिरवार, जिला सचिव रामकुमार ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष पुरषोत्तम मेहरा, अधीक्षक सुमित्रा धुर्वे, रीडर आरके सोनी, रामेश्वर सिंह राजपूत, वैभव तिवारी, पंकज नाग सिंगोतिया, श्रद्धा पाण्डे, श्वेता श्रीवास्तव एवं अन्य लिपिक कर्मचारी संघ के सदस्य मौजूद थे।

## जिला स्तर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार 12 जनवरी को

**नवभारत/नरसिंहपुर।** स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस युवा दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का वृहद आयोजन 12 जनवरी को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में प्रात 9 बजे से प्रात 10.30 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिला स्तरीय समिति का गठन कर दायित्व सौंपे हैं। उक्त समस्त अधिकारी/ लोकसेवकों को सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन करते हुए कार्यक्रम की तैयारी के लिए 11 जनवरी 2026 को प्रात 11 बजे और 12 जनवरी को प्रात 8 बजे से अपनी उपस्थिति उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में देना सुनिश्चित करें। जारी आदेश के अनुसार सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू आयोजन के लिए अतिथि स्वागत, समारोह की सम्पूर्ण व्यवस्था एवं



मॉनीटरिंग, मंचीय व्यवस्था, मंच संचालन, योग प्रदर्शन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था, साफ- सफाई एवं स्वच्छ पेयजल व चूना लाइन आदि व्यवस्था, प्रचार- प्रसार, मैदान व्यवस्था, बालक वर्ग व बालिका वर्ग प्रभारी, स्वल्पाहार एवं पेयजल व्यवस्था व सहयोग, डाटा फीडिंग और आभार प्रदर्शन के लिए अधिकारी/ लोकसेवकों को दायित्व सौंपे गए हैं।